अध्याय - XVI

विविध

नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की रिपोर्टों का सारांश

इस विभाग के संबंध में नियंत्रक और महा लेखा - परीक्षक की रिपोर्टों में उल्लिखित लेखा परीक्षा टिप्पणियों का सारांश अनुबंध- XIII में दिया गया है ।

महिला समस्या संबंधी सरकारी नीतियां

16.1.2 यह विभाग राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और अनुरक्षण तथा केंद्रीय मोटर यान अधिनियम और केंद्रीय मोटर यान नियमावली के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है । इस तरह, लिंग आधारित समस्याओं पर इसकी कोई विशिष्ट स्कीमें और नीतियां नहीं हैं । विभाग द्वारा की गई सड़क सुरक्षा संबंधी पहल में लिंग अथवा आयु का कोई भेदभाव नहीं होता है ।